पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 08/07/23	पृष्ठ सं0 (Page No). 09	क्रम सं0(Serial No.) 04

बेहतरीन कार्य के लिए सीआईएसएफ के 90 अधिकारी व कर्मी सम्मानित

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने सीआईएसएफ मुख्यालय दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सीआईएसएफ के 90 अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक, अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से सम्मानित किया। उक्त पदक उन्हें गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। यह सीआईएसएफ के इतिहास में अब तक आयोजित सबसे बड़ा अलंकरण समारोह है।

समारोह के दौरान, सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने सीआईएसएफ अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक और केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया। अपने संबोधन में सीआईएसएफ महानिदेशक ने सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी और कहा कि भारत सरकार द्वारा इस तरह के प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाना बल के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने पदक से सम्मानित सीआईएसएफ के अधिकारियों और कर्मियों के परिवार के सदस्यों की भी सराहना की, क्योंकि उनके अटूट समर्थन और प्रेरणा ने सीआईएसएफ के अधिकारियों और कर्मियों को अपने कार्यों को अत्यंत समर्पण भाव से पूरा करने और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि सीआईएसएफ को एक बहुआयामी, पेशेवर रूप से सक्षम और लोगों के अनुकूल बल के रूप में जाना जाता है, जिसका देश भर में व्यापक सार्वजनिक इंटरफेस है। सीआईएसएफ देश के आर्थिक विकास को प्रभावित करने वाले संवेदनशील और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के मुख्य क्षेत्रों को सुरक्षित करने में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है।